4 March
National Safety Day
SAFETY IS A COMMITMENT, NOT A SLOGAN.

सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 233 | इंदौर, सोमवार 04 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. SC: वोट के बदले नोट मामले में माननीयों को नहीं मिलेगी मुकदमे से राहत, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा अपना फैसला
2. BJP List: एक सीट पर भाजपा, सुभासपा और निषाद पार्टी की दावेदारी, उपराज्यपाल भी बेटे के लिए यहीं से टिकट को अड़े
3. IND vs PAK Report: आसमान पर भारत-पाकिस्तान टी20 विश्व कप मैच के टिकटों के दाम, 1.86 करोड़ रु. तक पहुंची कीमत!
4. कांप गई रूह: अमरोहा में आठ साल के बच्चे पर कुत्तों का हमला, नोच-नोचकर मार डाला, खेत से घर जा रहा था
5. मासूम बुलंदशहर में बड़ा हादसा: बरात में जा रही कार नहर में गिरी, तीन भाई-बहन की मौत; तीन की तलाश जारी

# पर्यटक स्थल जाम गेट के नीचे धंसा पहाड़

## महू-मंडलेश्वर मार्ग का टूटा संपर्क, मौके पर पहुंची दो थानों की पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समीपस्थ पर्यटक स्थल जाम गेट के नीचे पहाड़ का हिस्सा धंसने से महू मंडलेश्वर मार्ग का संपर्क टूट गया। मामला सोमवार सुबह 9 बजे के करीब का है। वहीं मौके पर मंडलेश्वर पुलिस और बडग़ोंदा पुलिस के जवान मौजूद है।



जानकारी के अनुसार अचानक जाम गेट से एक किलोमीटर आगे घाट पर पहाड़ का हिस्सा धसने लगा, जिसके बाद मौके पर यहां से निकलने वाले राहगीरों ने भाग कर अपनी जान बचाई। पूरे रोड पर पत्थर ही पत्थर पड़े है। घटना मंडलेश्वर थाना क्षेत्र की है, फिलहाल मौके पर मंडलेश्वर पुलिस और बडगोंदा पुलिस के जवान मौजूद है, जो ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में लगे हैं।

मौके पर रोड ठेकेदार के कर्मचारी पहुंचे और यहां बीच रोड पर गिरे पत्थरों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि जहां पर पहाड़ गिरने की घटना हुई है, उससे थोड़ी दूरी पर भी पहाड़ का हिस्सा लटक रहा है, जिससे किसी भी दिन यहां पर दुर्घटना हो सकती है। इस मार्ग पर रोजाना पहाड़ों से बड़े-बड़े पत्थर गिरते रहते है, जिसके चलते कई बार यहां से निकलने वाले वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। वहीं कई बार तो बाइक चालक भी यहां पर घायल हुए हैं।

# 5 मार्च से फिर सिस्टम, पर बारिश नहीं

## →10 मार्च तक ठंडा-गर्म रहेगा मौसम; दिन का टेम्प्रेचर बढ़ेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश के 35 से अधिक जिलों में पिछले 4 दिन से ओले, बारिश और आंधी का मौसम रहा। ओले की वजह से गेहूं-चने की फसल को नुकसान भी पहुंचा है। ऐसे में सरकार सर्वे करा रही है। इधर, 5 मार्च से फिर वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। हालांकि, इसका कम असर रहेगा। ऐसे में 10 मार्च तक मौसम ठंडा-गर्म रहेगा। दिन का टेम्प्रेचर बढ़ जाएगा। प्रदेश में रविवार को भी मौसम बदला रहा। दतिया, छतरपुर, रीवा, चित्रकूट समेत कई इलाकों में ओले गिरने के साथ बारिश हुई। इस कारण गेहूं-चने की फसल को खासा नुकसान पहुंचा। वहीं, रीवा, सतना और सीधी में भी हल्की बारिश हुई। सोमवार से मौसम साफ होने का अनुमान है। उधर, गुना में शनिवार को हुई ओलावृष्टि से फसलें खराब हो गई थी। जिसके बाद किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से कहा कि सर्वे शुरू कर दिया गया है।



# सीएम और निज सचिव के नाम से आया धमकी भरा कॉल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भोपाल में पीपुल्स यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर को ष्टरू और निज सचिव के नाम से धमकी भरा कॉल आया है। कॉलर ने खुद को निज सचिव बताया, जिससे बात कराई, उसे ष्टरू बताया। धमकाते हुए कहा कि ट्रांसफर नीति हम पर छोड़ दो। जो ट्रांसफर किए, उन्हें रोको। पीपुल्स ग्रुप के जरनल मैनेजर रोहित तिवारी ने निशातपुरा थाने में स्नढ्ढक्र दर्ज कराई है।

# पिता और दो बच्चों के शव पेड़ पर लटके मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर**। मंदसौर के गरोठ में एक युवक और उसके दो बच्चों के शव पेड़ से फंदे पर लटके मिले हैं। लोगों ने आशंका जताई कि युवक ने पहले बच्चों को फंदे पर लटकाया होगा, फिर खुद भी फांसी लगा दी। घटना शामगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रूण्डी की है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

# आंखों पर पट्टी बांधकर केवल 7 मिनट में अपना हेयर कट करके दिखाया

## →इंदौर की बेटी जिनी को मिला इंडियाज टैलेंट स्टार अवॉर्ड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 148 वें जन्मदिवस पर श्रीनगर में होने वाले भारतीय एकता सम्मान 2024 कार्यक्रम में इंडियाज टैलेंट स्टार अवॉर्ड के लिए इंदौर की बेटी जिनी द आर्टिस्ट जिनी देवलिया को मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट जम्मू कश्मीर डॉ दरखशा अंद्राबी द्वारा हेयर स्टाइल एंड ब्यूटी आर्टिस्ट अवॉर्ड से सम्मान किया गया।**

जिनी देवलिया ने अपने 11 वर्ष के कैरियर में कई विभिन्न तरीके से हेयरकट किए है। लेकिन पहली बार किसी हेयर आर्टिस्ट ने अपनी आंखो पर पट्टी बांधकर केवल 7 मिनट में अपना हेयर कट करके दिखाया है। इसी के साथ ही उन्हें उनकी समाज सेवा के कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्र प्रेरणा अवार्ड देकर सम्मान किया गया। उत्कृष्ट सामाजिक सेवा और हेयर स्टाइल क्षेत्र में उनका जुनून देख उनका सम्मान करने के लिए हाल ही में उन्हें कला भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। जिनी ने 2013 में अपने बिजनेस की शुरूवात के साथ समाज सेवा कर भी अपनी पहचान बनाई।

जिनी पिछले सात सालों से जिनी वेलफेयर सोसायटी नाम से एनजीओ रन कर रही है। जिसमें बस्ती की महिलाएं, व बच्चें जो कम पढ़े-लिखे व जरूरतमंद लड़कीयों को जिनी मदद कर उनके भविष्य को बनाने में पूरी मदद करती है। उन्हें फ्री में ट्रेनिंग देकर उनकी मदद कर उन्हें इस काबिल बनाती है, कि वो अपने पैरो पर खुद खड़े हो सके। जिनी ने वर्तमान तक 550 बच्चों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। उनके स्टॉफ में भी वो ही लड़कीयां काम करती है, जो जरूरतमंद लड़कीयां है, जिन्हें जिनी ने काम सिखाकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा किया और वे आज आत्मनिर्भर है।

# संत विनोबा के इंदौर प्रवास पर आधारित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि संत विनोबा का जीवन आज भी समाज को एक दिशा-निर्देश प्रदान करता है। इंदौर की पत्रकारिता के पर्याय प्रभाष जोशी ने साठ के दशक में संत विनोबा की पद यात्रा के दौरान इन्दौर प्रवास पर जो रिपोर्टिंग की थी वह एक दस्तावेज है।**

उन्होंने इन्हीं संस्मरणों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि इन्दौर सभी शहरों को यह प्रेरणा देता है कि परोपकार के किसी भी कार्य पर एक आह्वान भर से सभी इंदौरी एक जुट हो जाते हैं। इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में प्रख्यात पत्रकार राम बहादुर राय, पूर्व सांसद आर. के. सिन्हा, अनिल त्रिवेदी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राम बहादुर राय ने कहा कि महात्मा गांधी और संत विनोबा की ग्राम स्वराज की संकल्पना की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सचेष्ट प्रयास कर रहे हैं। पूर्व सांसद आर. के. सिन्हा ने पुस्तक के संकलन और प्रकाशन के लिए साधुवाद दिया। प्रेस क्लब इंदौर और प्रभाष परंपरा न्यास के इस संयुक्त आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिक गण और बुद्धिजीवी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने स्वागत उद्बोधन दिया। पुस्तक का संपादन मनोज कुमार मिश्र ने किया है एवं लेखों का संकलन कमलेश सेन ने किया है। कार्यक्रम का संचालन श्री संजय पटेल ने किया।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री ने मूक बधिर बालिका गृह का किया शुभारंभ

### स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 788 बच्चों के लिये 3 करोड़ 15 लाख 76 हजार रुपए की राशि का चेक जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया आज इंदौर भ्रमण पर रही। इस दौरान उन्होंने बरदरी रोड लिम्बोदागारी अरविंदो अस्पताल के पीछे आनंद सर्विस सोसायटी संस्था द्वारा संचालित मूक बधिर बालिकाओं के बालगृह का शुभारंभ किया। उन्होंने डिजिटल ऑनलाईन कक्षाओं का शुभारंभ भी किया।

उक्त कार्यक्रम में मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत स्पॉन्सरशिप योजना के पात्र 788 बालक/बालिकाओं को 4 हजार रुपए प्रतिमाह के मान से 09 माह की राशि के रूप में 3 करोड़ 15 लाख 76 हजार रुपए का चेक जारी किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था आनंद सर्विस सोसायटी में मूक बधिर बालिकाओं हेतु स्मार्ट क्लास का भी शुभारंभ द्वारा किया गया। उक्त स्मार्ट क्लास के माध्यम से बालिकाऐं अपनी शिक्षा और बेहतर ढंग से सुनिश्चित कर पायेगी। उक्त कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक तथा मंत्री के ओएसडी श्री विशाल नाडकर्णी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधौलिया, संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय विभाग सुश्री सुचिता तिर्की बेक, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती पल्लवी पोरवाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कटाक्ष




# मौसम बदलते ही हेरिटेज ट्रेन में कम होने लगे यात्री

## →पहले सफर के लिए लगती थी कतार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेज गर्मी और मौसम बदलते ही प्रदेश की इकलौती हेरिटेज ट्रेन में पर्यटकों की संख्या में कमी होने लगी है। 26 अगस्त को शुरू हुई इस ट्रेन के शुरूआती दौर में स्थिति यह थी कि एक महीने की वेटिंग चल रही थी, लेकिन अब आसानी से टिकट मिल रहे हैं। हाल ही में शनिवार और रविवार को ट्रेन 40 फीसद यात्रियों को लेकर ही सफर पर निकली।**

वर्षा के दौरान पातालपानी-कालाकुंड सेक्शन प्राकृतिक सौंदर्य से निखर जाता है। जंगल और पहाड़ियों के बीच से गुजरने वाली हेरिटेज ट्रेन के सफर के लिए पर्यटकों की कतार लगी रहती है। 26 अगस्त से हर शनिवार-रविवार को हेरिटेज ट्रेन का संचालन शुरू किया गया था। जनवरी से ही इस ट्रेन में यात्रियों की संख्या में गिरावट आने लगी। रेल अफसरों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के चलते यात्रियों की संख्या घटी है। ट्रेन संचालन बंद करने का निर्णय मंडल स्तर पर लिया जाता है।

जानकारी के अनुसार ट्रेन के सेकंड क्लास में 9 मार्च तक वेटिंग चल रही है, लेकिन विस्टाडोम कोच में 80 फीसद तक सीटें खाली हैं। दरअसल गर्मी का मौसम शुरू होने और पतझड़ लगने से पातालपानी झरने में पानी आना बंद हो गया है। गर्म हवा चल रही है। परीक्षा का दौर शुरू हो चुका है। इसके चलते ट्रेन को यात्री नहीं मिल रहे हैं।

### कैंटीन तक शुरू नहीं हुई

हेरिटेज ट्रेन का पूरा सफर करीब पांच घंटे का होता है। अब तक रेलवे कालाकुंड स्टेशन पर कैंटीन संचालित करता था, ताकि पर्यटकों को भोजन मिल सके। इस सीजन में रतलाम मंडल ने कैंटीन अलाट नहीं की, जिसके चलते कई पर्यटक कालाकुंड स्टेशन पर भोजन-नाश्ते के लिए परेशान होते है। रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीणा ने बताया कि ट्रेन बंद करने को लेकर किसी तरह के निर्देश नहीं मिले हैं।

### स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा कल से

# दस उड़नदस्ते नकलचियों पर रखेंगे नजर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने पांच मार्च से रखी है। 45 हजार छात्र व छात्राओं के लिए 120 केंद्र बनाए हैं। जहां नजर रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिवेक्षकों की नियुक्ति कर दी। साथ ही केंद्रों पर नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते भी बनाए हैं। इन्हें केंद्रों की निरीक्षण करना होगा। अधिकारियों ने दल के सदस्यों को संवेदनशील केंद्रों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए है।**

बीए, बीकाम, बीएससी, बीजेएमएसी, बीडब्ल्यूएस सहित स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा मार्च से जून के बीच होगी। विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इंदौर, धार, आलीराजपुर, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, बड़वाह, बुराहनपुर, बड़वानी सहित अन्य जिलों के 45 हजार छात्र-छात्राएं हैं। करीब 120 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें सरकारी और निजी कालेज शामिल है। कुछ केंद्र संवेदनशील की सूची में रखे है। यहां नकल रोकने के लिए विश्वविद्यालय ने केंद्र के स्टाफ को निर्देश दिए है और परीक्षा हाल में सीसीटीवी कैमरे लगाने को बोला है। साथ ही उड़नदस्ता भी गठित कर दिया है। करीब आठ से दस टीमें बनाई है। प्रत्येक जिले के केंद्रों के लिए एक दल रखा है। वैसे इंदौर के केंद्रों पर नजर रखने के लिए चार दल को जिम्मेदारी दी है।

### पेपर खत्म होते ही उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा शुरू

परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी ने कहा कि परीक्षा को लेकर केंद्रों में परिवेक्षक बनाए है, जिन्हें नकलचियों पर कार्रवाई करने को बोला है। वे बताते है कि उड़नदस्ते दल को रोजाना केंद्र निरीक्षण के बारे में बताना होगा। नकल प्रकरण की जानकारी देंगे, जो नकल समिति के सामने परीक्षा खत्म होने के समक्ष रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पेपर खत्म होते ही विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन शुरू करवाया जाएगा। कापियां जांचने के लिए मूल्यांकन केंद्र को 30 दिन का समय दिया जाएगा।

## जल संसाधन मंत्री सिलावट ने खेतों में पहुंचकर फसलों का लिया जायजा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बालरिया पहुंचे। यहां उन्होंने खेतों में पहुंचकर पिछले दिनों हुई बारिश से क्षतिग्रस्त फसलों का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से चर्चा की और स्थिति के संबंध में जानकारी ली।**

श्री सिलावट ने किसानों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार किसानों की हितैषी सरकार है, उनके हर सुख-दुख में उनके साथ है। किसानों को किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जायेगी। श्री सिलावट ने फसलों की स्थिति के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पिछले दिनों हुई बारिश से क्षतिग्रस्त हुई फसलों का सर्वे कराया जाये। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर से कहा कि वे अपने अधीनस्थ अमले को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें।

## अपराधों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने हर थानाक्षेत्र में आयोजित किया जनसंवाद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। जनता में सुरक्षा का भाव एवं विश्वास उत्पन्न करने के लिए इंदौर के हर थाना क्षेत्र में पुलिस ने जनसंवाद आयोजित किया। इसका मुख्य उद्देश्य था कि गुंडे, बदमाशों व असामाजिक तत्वों में पुलिस का डर हो और लोगों को पुलिस की कार्यप्रणाली से रूबरू होने का मौका मिले। पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने खुद आम नागरिकगण, जनप्रतिनिधि, पत्रकारों, गणमान्य नागरिक, प्रबुद्धजन और संस्थाओं के प्रतिनिधिगणों से बातचीत की।**



पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता द्वारा थाना भंवरकुआं क्षेत्र में मंगलमूर्ति नगर रहवासी संघ के तत्वाधान में आयोजित 'पुलिस जनसंवाद' कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पर पुलिस कमिश्नर ने नागरिकों से परिचर्चा कर बताया कि, यह जनसंवाद नहीं, बल्कि जन सुरक्षा का शंखनाद है। गुंडे, बदमाशों व असामाजिक तत्वों में पुलिस का डर हो और आमजन में सुरक्षा का भाव एवं पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े इसी उद्देश्य को लेकर आप लोगों से सीधा जनसंवाद किया जा रहा है। आप सभी पुलिस को अपना साथी समझ अपनी समस्याएं व सुझाव हमें बताइएं, हम उन पर हरसंभव कार्यवाही करने का प्रयास करेंगे। इंदौर नगरीय क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों पर 'पुलिस जनसंवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संबंधित क्षेत्र के डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी आदि की उपस्थिति रही। लगभग 3500 से ज्यादा नागरिक, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, जनसामान्य से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने हर क्षेत्र में सुरक्षा के वातावरण पर चर्चा की एवं समाधान दिए। जनता की पुलिस से अपेक्षा पर चर्चा क्या है, सुरक्षा संबंधी समस्याएं कौन सी हैं, इनका निराकरण कैसे होगा और पुलिस कार्यप्रणाली कैसी है, इन सभी बातों पर भी प्रकाश डाला गया।

# 'सनशाईन-2024' में झूमे विद्यार्थी, पुरस्कार बांटे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स इंदौर में 3 दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'सनशाईन-2024' का आयोजन हुआ, जिसमें मशहूर प्लेबैक सिंगर डॉ. चिंतन बाकीवाला मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि इप्का फार्मा कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधक आर. डिकूना, पिरामल हेल्थकेयर के मानव संसाधन प्रबंधक अनुज यागिलक एवं डॉ. यश्वनी राठौर उपस्थित रहे।**



इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ प्रारंभ हुआ। संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी, संस्थाध्यक्ष डॉ. अनिल खरया, उपाध्यक्ष शांतनु खरया ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इंस्टीट्यूट में फार्मास्यूटिकल्स साइंसेज की विभागाध्यक्ष डॉ. सपना मालवीय ने 'सनशाईन-2024' की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वर्ष भर की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया गया हुआ। इंस्टीट्यूट्स द्वारा संचालित विभिन्न कोर्स में सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को मेरिट सम्मान पदक एवं प्रमाण-पत्र अतिथियों ने दिए। 'मॉडर्न कल्चरल नाईट-2024' में विद्यार्थियों द्वारा फैशन शो, समूह नृत्य, नाटक व गायन आदि प्रस्तुत किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गायक चिंतन बाकीवाला ने किशोर कुमार के 2 प्रमुख गानों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी प्राध्यापकों को संस्थाध्यक्ष, समूह निदेशक एवं अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र दिए गए। प्रमुख रूप से डॉ. नेहा शर्मा चौधरी, श्रीमती मीनल आकोलेकर व डॉ. नीतेश कुमार जैन उपस्थित रहे। संचालन प्रो. अनामिका सिंह ने किया। प्रोफेशनल स्टडीज-साईसेज की विभागाध्यक्ष डॉ. सिमरनजीत कौर संधार ने आभार व्यक्त किया।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20 साल की सजा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों को इंदौर के विशेष न्यायालय ने 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने पीड़िता को प्रतिकर राशि के रूप में 16 हजार रुपये दिलवाए जाने की अनुशंसा भी की है।**

वारदात 15 अक्टूबर 2022 की है। पीड़िता अपनी मां से विवाद के बाद महूनाका चौराहा पर अंडे के ठेले के पास बैठी थी। इसी दौरान आरोपित राहुल उर्फ संतोष पुत्र कमल सिंह निवासी लाबरिया भेरू वहां आया और उससे पूछा कि क्या उसे खाना खाना है। पीड़िता ने हां कहा तो वह बोला कि मैं घर पर दूध और अंडे देकर वापस आता हूं। इसके बाद खाना दिलवा दूंगा। कुछ देर बाद वह एक अन्य युवक विशाल उर्फ बाबा पुत्र गेंदालाल निवासी जीएनटी मार्केट के साथ मोटर साइकिल से वहां आया। दोनों आरोपित पीड़िता को खाना खिलाने के नाम पर अपने साथ एक झोपड़ी में ले गए और वहां उसके साथ चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया। बाद में पीड़िता किसी तरह वहां से भागी और छत्रीपुरा पुलिस थाने पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

एजीपी जयंत दुबे ने पैरवी करते हुए अभियोजन के पक्ष में 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए। विशेष न्यायाधीश चारूलता दांगी ने प्रकरण में फैसला सुनाते हुए दुष्कर्मी राहुल उर्फ संतोष और विशाल उर्फ बाबा को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने दुष्कर्मियों पर आठ हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

### 'लाभार्थी की समृद्धि, मोदी की गारंटी के पोस्टर लगाए'

**इंदौर।** नगरीय प्रशासन एवं आवास व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को इंदौर के पंचशील नगर में 'लाभार्थी की समृद्धि मोदी की गारंटी' के पोस्टर लोगों के घरों के बाहर लगाए। उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत भी की। बता दें लाभार्थी की समृद्धि, मोदी की गारंटी को पोस्टर लगाने का अभियान चल रहा है। जनप्रतिनिधि लोगों के घरों पर दस्तक दे रहे हैं। उनसे बात कर रहे हैं। उन्होंने सरकारी की कौन-कौन सी योजनाओं का लाभ लिया है। इस बारे में भी पता कर रहे हैं। पिछले दिनों शहर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी उनके वार्ड के घरों में गए थे और लाभार्थियों से बात की थी।

# मंत्री विजयवर्गीय बोले- मध्य प्रदेश में 29 सीटें भाजपा जीतेगी, इंदौर का टिकट दिल्ली से तय होगा

**भोपाल। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने विधानसभा क्षेत्र की पंचशील नगर बस्ती में पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के स्टीकर घरों में चिपकाए। इस दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में 29 सीटें भाजपा जीतेंगी और देशभर में 400 से ज्यादा सीटें आएगी।**



इंदौर लोकसभा सीट का टिकट होल्ड किए जाने के मामले में उन्होंने कहा कि इंदौर के टिकट का फैसला दिल्ली से होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दश का सर्वांगीण विकास किया है। भाजपा सरकार की योजनाएं हर वर्ग के लिए उन्नति का पैगाम लाई है।

भाजपा के प्रत्याशियों की सूची शनिवार को जारी हुई, लेकिन उसमें इंदौर लोकसभा सीट शामिल नहीं थी। यह सीट भाजपा ने होल्ड पर रख दी है। इंदौर सीट के अलावा मालवा निमाड़ की धार, उज्जैन सीट पर भी भाजपा ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। विजयवर्गीय रविवार सुबह पंचशील नगर बस्ती में पहुंचे और वहां भाजपा सरकार की योजना का लाभ लेने वाले लोगों से मिले और केंद्र से जुड़ी योजना की जानकारी दी। उन्होंने घरों में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के पोस्टर भी लगाए। 15 साल पहले कैलाश विजयवर्गीय ने भी इंदौर लोकसभा सीट से टिकट मांगा था। तब सांसद सुमित्रा महाजन की उम्मीदवारी का विजयवर्गीय खेमे ने खुलकर विरोध किया था, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद उन्होंने दावेदारी नहीं की। उम्र के मापदंड के कारण महाजन को पिछले लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिला था। तब विजयवर्गीय बंगाल के प्रभारी थे, इस कारण उन्होंने इंदौर लोकसभा सीट से टिकट नहीं मांगा था। बाद में शंकर लालवानी को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया था। अब वे प्रदेश सरकार में मंत्री है, इसलिए इंदौर लोकसभा सीट से इस बार भी दावेदारी नहीं जताई।

## ग्वालियर भाजपा कार्यालय के सामने भिड़े BJP प्रत्याशी के समर्थक, चली गोलियां

### फायरिंग में एक युवक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** राजनीति में अपने नेता के लिए समर्थन आम बात है, लेकिन जब इसी समर्थन और नारेबाजी में लोग उत्तेजित हो जाते हैं तो वह विवाद का कारण बन जाता है। ऐसा ही एक विवाद ग्वालियर में देखने को मिला, जब लोकसभा चुनाव के लिए जारी की गई भाजपा की पहली सूची में अपना नाम आने के बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे भारत सिंह कुशवाह के स्वागत को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और विवाद इतना बढ़ा कि मौके पर फायरिंग भी की गई। इसमें एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। फिलहाल पुलिस अभी जांच में जुटी है।

बताया जा रहा है लोकसभा चुनाव के लिए टिकट मिलने के बाद भारत सिंह कुशवाह बाड़े स्थित भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पहुंचे थे। जब वे कार्यालय में भीतर तभी उनके स्वागत के लिए कार्यालय के बाहर समर्थकों की खासी भीड़ एकत्र थी। इसी भीड़ में अपने नेता के स्वागत सम्मान को लेकर मौजूद दो गुटों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक आ गई। मारपीट की इस घटना का मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया जो वायरल हो रहा है, लेकिन यह मामला सिर्फ मार पीट



तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि दोनों के बीच पिस्तौल से एक राउंड फायर किया गया। गोली दूसरे पक्ष के कंधे में लगी है। फिलहाल घायल का इलाज जारी है तो वही आरोपी को भी पुलिस ने हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया है।

आयुष गुप्ता ने बताया कि हमें खबर मिली थी कि भाजपा कार्यालय के पास फायरिंग की घटना हुई है। जिसमें धर्मेंद्र नाम के व्यक्ति को गोली लगी और रुस्तम नाम के व्यक्ति को पिस्टल के साथ पकड़ा गया है। कुछ पुराने विवाद कीभी बात सामने आ रही है। फिलहाल जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि टिकट को लेकर जो जुलूस चल रहा उसमें यह लोग आए थे। कुछ पुराना विवाद भी है। फिलहाल दोनों ही पक्षों को सुनने के बाद किसी परिणाम पर पहुंचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि जो पिस्टल मिली है। वह भी अवैध है। इसलिए कई एंगल पर जांच की जा रही है।

## सिंगरौली में दर्दनाक हादसा, कार पर राखड़ भरा हाइवा पलटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के खुटार निवासी एक ही परिवार के चार लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई।**

बताया जा रहा है कि एक परिवार के चार लोग कार लेकर सिंगरौली से बनारस की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही राखड़ (राख) लोड हाइवा वाहन कार पर अचानक पलट गया। इसके कारण कार में बैठे चार लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा सोनभद्र के रेनुकूट के पास का बताया जा रहा है। हादसे की पुष्टि जिले के कोतवाली थाना प्रभारी सुधेश तिवारी ने की है।

### अचानक कार आती देख खोया नियंत्रण

बताया जा रहा है कि राखड़ लोड हाइवा वाहन तेज रफ्तार गति से जा रहा था तभी सामने से आ रही एक कार को देखकर हाइवा चालक नियंत्रण खो बैठा, और हाइवा अनियंत्रित होकर कार पर पलट गया। मशक्कत के बाद मृतकों को राखड़ से निकाला गया। हादसे के बाद हाइवा चालक फरार बताया जा रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी सुधेश तिवारी ने बताया कि जिले के खुटार निवासी एक ही परिवार के चार लोग कार से वनारस जा रहे थे, जैसे ही सोनभद्र जिले के रेनुकूट के पास पहुंचे। हादसे का शिकार हो गए, हादसे में सभी





लोगों की मौत हो गई है।

### चारों लोग विवाह के लिए लड़की देखने जा रहे थे वाराणसी

जानकारी के अनुसार दीपक कुमार शर्मा, रामायण शर्मा, रीता शर्मा व सुकवारी देवी अल्टो कार से सिंगरौली से वाराणसी के लिए लड़की देखने निकले थे। रास्ते में उन्हें रेनुकूट में अपने एक और रिश्तेदार को लेना था। काफी देर होने के बाद जब वह लोग रेणुकूट नहीं पहुंचे तब उनका इंतजार कर रहे रिश्तेदार परेशान हो गए। रिश्तेदार ने बारी-बारी से सभी का मोबाइल नंबर लगाया सभी मोबाइल बंद मिला। उसके बाद उन्होंने पुलिस चौकी पर भी चारों लोगों के लापता होने व पता करने के बाद भी संपर्क न होने की बात बताई मगर इसके बाद भी कोई पता नहीं चला।

दिन भर प्रयास के बाद शाम लगभग 6 बजे पता चला कि एक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व उस पर लदे कोयले की राख के नीचे एक कार दबी हुई है। हाइवा के नीचे कार दबी होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने जेसीबी बुलाई और क्रेन की सहायता से हाइवा ट्रक को हटवाकर कार में फंसे चारों शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने चारों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भारत में पाकिस्तान, बांग्लादेश-भूटान से ज्यादा बेरोजगार-राहुल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** राहुल गांधी ने कहा- आज देश में पिछले 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। यह पाकिस्तान की तुलना में दोगुनी है। हमारे पास बांग्लादेश-भूटान से भी अधिक बेरोजगार युवा हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और GST लागू करके छोटे व्यवसायों को खत्म कर दिया है।

राहुल ने यह बात भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को ग्वालियर में कही। उन्होंने कहा- अंबानी के यहां बेटे की शादी हो रही है। वहां दुनियाभर के लोग आ रहे हैं। यहां आप लोग भूखे मर रहे हैं। इससे पहले राहुल ने ग्वालियर के देवास गार्डन में अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों से संवाद किया। मोहना में रोड शो किया। बीजेपी सरकार ने बड़े-बड़े अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ कर दिया। ये जो कर्ज का पैसा था, वो देश के लोगों का था, जिसे टैक्स से जुटाया गया था। अगर मोदी सरकार अरबपतियों के लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ कर सकती है तो किसानों का कर्ज माफ क्यों नहीं कर सकती? हम 'भारत माता की जय' कहते हैं। भारत माता यह देश है, देश के लोग हैं। अगर हम 'भारत माता की जय' कहते हैं तो फिर देश के 73% लोगों की जय भी होनी चाहिए। देश में करीब 50% OBC, 15% दलित



और 8% आदिवासी वर्ग के लोग हैं, यानी कुल 73% लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में एक भी OBC, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। हमने जातिगत जनगणना की बात इसलिए की ताकि देश की सच्चाई 73% लोगों को पता चल जाए कि किसकी-कितनी भागीदारी है। कांग्रेस कमेटी शिवपुरी के जिला अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया कि नए शेड्यूल के मुताबिक राहुल गांधी सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे शिवपुरी स्थित हाईवे पट्टी पर पहुंचेंगे। इसके बाद ग्वालियर बाइपास चौराहे से रोड शो शुरू होगा।

New Delhi

# फोन पर क्रिकेट देख रहे थे ट्रेन के ड्राइवर, रेल मंत्री ने बताई आंध्र हादसे की असली वजह, 14 की गई थी जान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अक्टूबर महीने में आंध्र प्रदेश के विजियानगरम जिले में हुए रेल हादसे को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी असल वजह बताई है। उन्होंने कहा कि ट्रेन के दोनों ही ड्राइवर अपने-अपने फोन पर क्रिकेट मैच देखने में व्यस्त थे। इसी वजह से यह हादसा हो गया था। बता दें कि 29 अक्टूबर को हुए इस रेल हादसे में 14 लोगों की जान चली गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। दरअसल विजयनगरम जिले के कंटाकापल्ली इलाके में हावड़ा-चेन्नई लाइन पर एक पैसेंजर ट्रेन ने पीछे से दूसरी ट्रेन को टक्कर मार दी थी। नई दिल्ली में शनिवार को रेलवे में सुरक्षा के मामले में बात रखते हुए उन्होंने यह खुलासा किया है। वैष्णव



ने कहा, यह हादसा इसलिए हुआ क्योंकि लोको पायलट और असिस्टेंट पायलट दोनों का ध्यान फोन पर क्रिकेट मैच देखने की वजह से भटक गया था। लेकिन रेलवे ऐसे उपाय कर रहा है कि इस तरह के हादसे ना हों। ट्रेनों में ऐसे सिस्टम लगाए जा रहे हैं जो कि किसी के ध्यान भटकाने वाले कारणों का पता लगाएंगे और यह पता लगा लिया जाएगा कि दोनों पायलट ट्रेन को चलाने पर पूरा ध्यान दे रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि पिछली घटनाओं को लेकर हम विस्तार से विश्लेषण करते हैं और वजह पता लगने के बाद ऐसे उपाय करते हैं दोबारा हादसा ना हो। बता दें कि विशाखापट्टनम-रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन दो गलत ऑटो सिग्नल क्रॉस करते हुए आगे निकल गई थी। इसके बात यह पीछे से विशाखापट्टनम-पालसा पैसेंजर ट्रेन में टकरा गई।

Jharkhan

## धार्मिक जमीन कब्जाने को लेकर 2 पक्षों में विवाद, पथराव के बाद जमकर बवाल; 5 घायल

**जमशेदपुर, (एजेंसी)** जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र के पारडीह मध्य विद्यालय परिसर के निकट रविवार को धार्मिक स्थल के निकट बगीचा की चहारदीवारी को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। इनमें दोनों ही तरफ से लाठी-डंडे से मारपीट और पथराव हुआ। इसमें दो महिलाएं सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी का इलाज एमजीएम अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद दोनों ही पक्ष मानगो थाना पहुंचे, जहां एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में ही हंगामा होने लगा। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मामला दर्ज कराया है। मामले में हरेकृष्णा सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें जमिनी महतो, पिंटू महतो, उपेन्द्र नाथ महतो, पेल्टू महतो, बिराज घोष, अनुप मिश्रा, सोनू मिश्रा, विजय कुमार महतो को आरोपी बनाया गया है। एक पक्ष से दो लोग हरे कृष्णा सिंह और अशोक घायल हुए हैं। इनपर लाठी डंडे से हमला किया गया। दोनों का सिर फट गया है। दोनों एमजीएम अस्पताल में भर्ती हैं। जबकि, दूसरे पक्ष से महिलाओं के घायल होने की बात बताई जा रही है। महिलाओं को मामूली चोट आई है। दूसरे पक्ष का आरोप है कि महिलाओं से छेड़खानी भी की गई। उनके कपड़े फट गए हैं। मानगो के थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष से लिखित शिकायत ली गई है। केस किया जाएगा और जो भी आरोपी हैं, उन्हें जेल भेजा जाएगा। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का हक नहीं है। एक पक्ष से जामिनी महतो ने बताया कि धार्मिक स्थल के निकट मैदान के बागीचा में कुछ लोग ताला बंद कर रखते हैं। इससे लोगों को दिक्कत होती है। कुछ दिन पहले फैसला लिया गया था कि बगीचे को हटाया जाए।

Uttarpradesh

## 10 की जगह 30 रुपये वाली लिपस्टिक ले आया पति, पत्नी रूठकर चली गई मायके, बोली- बहुत फिजूलखर्ची करते हैं

**आगरा, (एजेंसी)** यूपी के आगरा में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां पति को 30 रूपये की लिपस्टिक लाना महंगा पड़ गया. लिपस्टिक से विवाद इतना बढ़ गया कि पति और पत्नी के बीच तलाक की नौबत आ गई. पत्नी को 30 रूपये की लिपस्टिक इतनी महंगी लगी कि वह अपने मायके चली गई. पत्नी चाहती है कि पति उसके लिए 10 रूपये तक की ही लिपस्टिक लाए.

लेकिन जब पति महंगी लिपस्टिक लेकर आया तो पत्नी नाराज हो गई. इतना ही नहीं उसने पति की पुलिस से शिकायत कर दी. पुलिस ने मामले को परिवार परामर्श केंद्र में ट्रांसफर कर दिया है. परामर्श केंद्र में दोनों को समझाने-बुझाने का काम किया गया है.

बता दें कि थाना एत्मादपुर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की शादी मथुरा जिले के महावन की रहने वाले युवक से हुई थी. दोनों का विवाह 2022 में हुआ था. युवक एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है. पत्नी ने पति से लिपस्टिक लाने की डिमांड की थी. पति लिपस्टिक लेकर घर आया तो बवंडर हो गया. पत्नी ने लिपस्टिक को जमीन पर फेंक कर झगड़ा शुरू कर दिया.

New Delhi

## ED के आठवें समन पर बोले CM केजरीवाल- सवालों का जवाब देने को तैयार, लेकिन...

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** शराब घोटाले से जुड़े कथित मामले में 8 समन जारी होने के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) को जवाब दिया है. सीएम केजरीवाल ने कहा है कि समन गैर कानूनी है, लेकिन फिर भी वह ईडी के सवालों के जवाब देने के लिए तैयार हैं. उन्होंने ईडी से 12 मार्च के बाद की कोई तारीख मांगी है. केजरीवाल ने कहा है कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सवालों के जवाब देंगे. बता दें कि ईडी ने सीएम केजरीवाल को आठवां समन जारी करते हुए 4 मार्च को पेश होने के निर्देश दिए थे.

इससे पहले जांच एजेंसी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को 22 फरवरी को सातवां नोटिस जारी किया था. तब सीएम केजरीवाल को 26 फरवरी को पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा था.



हालांकि, AAP ने नोटिस को गैरकानूनी बताया था और एजेंसी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करने के लिए भी कहा था.

खेल

### IPL 2024 से पहले बढ़ी चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलें

# ये स्टार खिलाड़ी चोट के चलते आधे सीजन से हुआ बाहर

**नई दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2024 से पहले बहुत बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे चोटिल होने के चलते मई तक आईपीएल 2024 से बाहर रह सकते हैं। दरअसल, कॉन्वे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में हुई T20I सीरीज के दौरान अंगूठे पर चोट लगी थी। इस चोट के चलते वह कंगारुओं के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला भी नहीं खेल पाए थे। मगर अब न्यूजीलैंड क्रिकेट ने उनकी चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि कॉन्वे के अंगूठे की सर्जरी होगी जिस वजह से वह 8 हफ्ते तक एक्शन से बाहर रहेंगे।

कॉन्वे ने सीएसके को रिकॉर्ड 5वीं बार चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह आईपीएल




2023 में सीएसके के लिए सबसे अधिक 672 रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे, वहीं फाइनल में उन्होंने 25 गेंदों पर 47 रनों की तूफानी पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया था।

कॉन्वे की जगह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज गायकवाड़ के साथ कौन ओपनिंग करेगा महेंद्र सिंह धोनी के सामने इस समय यह सबसे बड़ा सवाल है। माही के पास अजिंक्य रहाणे के रूप में एक अनुभवी विकल्प है। रहाणे के लिए पिछला आईपीएल सीजन शानदार रहा था, वह इससे पहले भी आईपीएल में पारी का आगाज कर चुके हैं। बता दें, आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से हो रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर खेलेगी।

सिनेमा

## जश्न की आखिरी रात, महाआरती के बाद लकी अली, एकॉन मचाएंगे धमाल



अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन का आज आखिरी दिन है. इस सेलिब्रेशन में बॉलीवुड से लेकर हर फील्ड के दिग्गजों को इनवाइट किया गया है. पहले दिन पॉप सिंगर रिहाना के परफॉर्मेंस ने लाइमलाइट लूटी तो वहीं दूसरे दिन पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ का दबदबा रहा. लेकिन अब तीसरे दिन का शेड्यूल सामने आया है. जहां बॉलीवुड सिंगर्स से लेकर हॉलीवुड सितारे तक शिरकत करते नजर आएंगे. आइयें आपको बताते हैं पूरी डिटेल... रविवार 3 मार्च को हो रहे इस इवेंट की शुरुआत सुबह 10:30 बजे से ही हो चुकी है. 10:30 बजे से दोपहर दो बजे तक गजवन में टस्कर ट्रेल्स का आयोजन किया गया. इसकी ड्रेस कोड कैजुअल रखी गई थी. वनतारा में हाथियों के व्यू के साथ मेहमानों के खाने पीने का इंतजाम किया गया था. फिर कुछ देर आराम का दिया गया. इसके बाद का कार्यक्रम 6 बजे से होना है. इसका नाम वैली ऑफ गॉड्स में हस्ताक्षर दिया गया है. यहां ड्रेस कोड भारतीय परंपरा अनुसार रखी गई है. प्यार के वादों का सेलिब्रेशन किया जाएगा. मेहमानों को भारतीय परंपरा और रीति रिवाजों से रुबरू कराया जाएगा. इसके बाद महा आरती का आयोजन है, जिसके बाद तारों की छांव में गेस्ट को डिनर परोसा जाएगा. आखिरी रात के जश्न को यादगार बनाने के लिए प्रीतम, श्रेया घोषाल, उदित नारायण, शान, सुखविंदर सिंह, मोहित चौहान, मोनाली ठाकुर, अरिजीत सिंह, लकी अली और नीति मोहन को बुलाया गया है. जाहिर है ये आखिरी रात बॉलीवुड नाइट्स होने वाली है.

# संपादकीय

## बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव

ऊंची विकास दर के समांतर यह सवाल भी लगातार बना हुआ है कि इसी अनुपात में लोगों की क्रयशक्ति क्यों नहीं बढ़ पा रही। क्रयशक्ति न बढने से घरेलू बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कुछ दिनों पहले जारी हुए उपभोग खर्च संबंधी आंकड़ों से जाहिर है कि लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दो गुना हो गया है, जबकि उनकी आमदनी में उत्साहजनक बढ़ोतरी नहीं हो पाई है। चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है। हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा। मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है। माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं। मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। जिस समय औद्योगिक गतिविधियां ठप्प थीं, उस समय भी भारतीय कृषि क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था को लड़खड़ाने नहीं दिया था। मगर आर्थिक विकास दर में इसका योगदान लगातार घटता नजर आ रहा है। जाहिर है, इस क्षेत्र को उचित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा। इससे आने वाले समय में महंगाई की दर ऊंची रहने की आशंका बनी रहेगी। महंगाई पर काबू पाना पहले ही सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है।

### अर्ज़ किया है..!

*ख़ामुशी अच्छी नहीं*
*इंकार होना चाहिए*
*ये तमाशा अब*
*सर-ए-बाज़ार होना चाहिए*

-ज़फ़र इक़बाल

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**सच्चा प्रेम प्रसन्नता की जननी है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर सपाटा

# भारत के 5 सबसे फेमस शिव मंदिर, यहां दर्शन मात्र से होती हैं मुरादें पूरी

भगवान शिव ब्रम्हांड के निर्माता और सृष्टि रचने वाले प्रमुख तीन देवताओं में से एक हैं। शिव भगवान की शिवलिंग, रुद्राक्ष सहित कई तरह के रूपों में पूजा की जाती है। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का आती है। शिव भक्तों के लिए यह दिन खास होता है। इस साल महाशिवरात्रि का 8 मार्च 2024 को है। भोलेनाथ की पूजा करने के लिए यह दिन सबसे अच्छा माना गया है। इस खास मौके पर आप भगवान शिव के कुछ फेमस मंदिरों को एक्सप्लोर करने के लिए जा सकते हैं। यहां देखिए भारत के 5 फेमस भगवान शिव के मंदिर।

### →सोमनाथ मंदिर

सोमनाथ महादेव मंदिर शिव पूजा के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यह ज्योतिर्लिंग एक बहुत ही पवित्र तीर्थ स्थल है। मंदिर परिसर में एक ध्वनि और प्रकाश शो भी है जो हर शाम होता है।



### →लिंगराज मंदिर



इस मंदिर का नाम भगवान शिव के लिंगम रूप के नाम पर रखा गया है। यह मंदिर हर शिव भक्त को जरूर जाना चाहिए।

### →शोर मंदिर



महाबलीपुरम में स्मारकों के समूहों में से एक के हिस्से के रूप में, इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। यहां के दो मुख्य मंदिर भगवान शिव को समर्पित हैं।

### →केदारनाथ मंदिर



अमरनाथ गुफा में जाने से पहले भगवान शिव देवी पार्वती के साथ यहां रहते थे। यह मंदिर पवित्र मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित है। ठंड के दिनों में इस मंदिर के द्वार बंद हो जाते हैं।

### →श्री अमरनाथ गुफा मंदिर



यह मंदिर हिंदू धर्म के एक जरूरी हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यहीं पर भगवान ने अपनी पत्नी देवी पार्वती को अमरता का रहस्य बताया था।

## Highlights

1. **PM Modi's 3-day tour to 5 states begins today; full schedule here**
2. **SBI Manager arrested for ₹3 crore gold theft from bank locker**
3. **BSF gets its first woman sniper Suman Kumari, pics released**
4. **CM Mohan Yadav pays tribute to revolutionary Lala Har Dayal**
5. **Justice Abhijit Gangopadhyay announces resignation as Calcutta HC judge**
6. **Project Alankar to revitalize Uttar Pradesh's secondary schools**

# More worry for Paytm? Paytm Payments Bank may lose licence

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India (RBI) may revoke banking licence of Paytm Payments Bank Limited (PPBL) with less than two weeks to go for central bank's deadline to cease operations, the Hindu Business Line reported. If this happens, it would be the first time in over 20 years that the RBI would take such an action. The report also claimed that an administrator might be appointed to oversee critical aspects of the bank's operations.

The decision comes after repeated instances of failed due diligence on the part of Paytm Payments Bank Limited, it added.

"According to a few more sources, the regulator had sounded off the interested entities acquiring Paytm Payments Bank as they would be at their own risk




and no dispensation on the compliance front would be extended to them. "This was a deterrent for any transaction to go through," said the person quoted above," it claimed.

On March 1, Paytm's parent company One97 Communications (OCL) announced that its board approved discontinuation of several inter-company agreements with Paytm Payments Bank. OCL also terminated all its contracts with the bank.

The report also said that owing to RBI mentioning in the FAQ dated February 16 that no credits can be made to Paytm Payment Bank's savings account, "the bank is unlikely to be in existence for long."

This comes after the RBI imposed business restrictions on the bank citing repeated violations of norms on January 31. Then, the central bank barred PPBL from accepting fresh deposits and doing credit transactions after February 29 but the deadline was later extended to March 15.

# Bitcoin's 2-year high: Bounces beyond $64,000 as records beckon

**NEW DEIHI, (Agency).** Bitcoin scaled a two-year high on Monday, breaking $64,000 as a wave of money carried it within striking distance of record levels.

It touched $64,285 early in the Asian day, its highest since late 2021, and was last 2% firmer for the session at $63,850. Bitcoin's record high is $68,999.99 set in November 2021. The largest cryptocurrency by market value has gained 50% this year and most of the rise come in the last few weeks where trading volume has surged for U.S.-listed bitcoin funds. Spot bitcoin exchange-traded funds were approved in the United States earlier this year. Their launch opened the way for new large investors and has



re-ignited enthusiasm and momentum reminiscent of the run up to record levels in 2021. "The flows are not drying up as investors feel more confident the higher price appears to go," said Markus Thielen, head of research at crypto analytics house 10x Research in Singapore. Smaller rival ether has hitched a ride on speculation that it too may soon have exchange-traded funds driving inflows. It's up 50% year-to-date though at $3,490 on Monday stayed just shy of two-year highs made last week. The rally has come in tandem with records tumbling on stock indexes from Japan's Nikkei to the S&P 500 and tech-heavy Nasdaq and with volatility gauges in equities and foreign exchange turning lower. "In a world where Nasdaq is making new all-time highs, crypto is going to perform well as bitcoin remains a high-volatility tech proxy and liquidity thermometer," said Brent Donnelly, trader and president at analysis firm Spectra Markets.

# मोबाइल में एंटी वायरस अपलोड करने के नाम पर ठगी

## खाते से उड़ाए 23.70 लाख रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देहरादून निवासी एक कर्मचारी के साथ ठगी का मामला सामने आया है। जहां आरोपित ने पीड़ित के मोबाइल में एंटीवायरस डालने के नाम पर उनके बैंक खाते से 33 लाख 70 हजार रुपये उड़ा लिए। फरियादी ने मामले की वसंत विहार थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। फिलहाल पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है।**

ठगी की यह वारदात राहुल अग्रवाल के साथ हुई है। वे सर्जिकल के सामान का व्यापार करते हैं और उनका जीएमएस रोड पर अग्रवाल इंटरप्राइजेज नाम से ऑफिस है। पीड़ित के अनुसार उनके यहां इंदौर निवासी स्वागतम पात्रा पिछले आठ माह से कार्य कर रहा है। राहुल के अनुसार शुक्रवार को उनके फोन में वायरस आने पर उन्होंने स्?वागतम को एंटीवायरस अपलोड करने के लिए फोन दिया था। जिसके बाद स्वागतम उनका फोन और स्कूटी लेकर चला गया। फरियादी ने बताया कि शाम को उन्हें उनके बैंक खाते से 23 लाख 70 हजार रुपये ट्रांसफर होने की जानकारी मिली। जिसके बाद स्वागतम से कोई संपर्क नहीं हो सका और वह उनकी स्कूटी सहित फरार हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपित अपने सभी दस्तावेज लेकर फरार हुआ है। साथ ही पीड़ित ने उसका पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं करवाया था। फिलहाल आरोपित की तलाश की जा रही है।

# मरीज को लेकर जा रही एंबुलेस पल्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हीरानगर इलाके में रविवार रात साढ़े 12 बजे के लगभग मरीज को लेकर जा रही निजी एंबुलेस लापरवाही पूर्वक एक कार की टक्कर से पल्टी खा गई। इस हादसे में एंबुलेस में सवार तीन लोगो को मामूली चोटे आई है। उन्हें अन्य एंबुलेस से अस्पताल भेजा गया। टक्कर मारने वाली कार का ड्रायवर मौके से भाग गया। कार की टूटी नंबर प्लेट से पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हीरानगर पुलिस के मुताबिक घटना बापट चौराहे के यहां की है। यहां निजी एंबुलेस से मरीज सांईराम गुर्जर को मेडीप्लस अस्पताल छोडऩे जा रही थी। बापट के यहां जब एबुलेंस ने टर्न लिया तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार नंबर रूक्क09ष्टञ्ज6512 उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में ड्रायवर राजेन्द्र, मरीज सांईराम गुजर्र ओर उसके परिजन के घायल हो गए। जिन्हें अन्य एंबुलेस से दूसरे अस्पताल भेजा गया। एबुलेंस दीपसिंह की बताई जा रही है। वही टक्कर मारने वाले कार की तलाश की जा रही है।

# टक्कर से युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राउ बायपास में देर रात सडक़ हादसे युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक दोस्तों के साथ ओखलेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए गया था। टक्कर इतनी तेज थी की वह करीब 15 फीट दूर तक फीका गया।**

राउ पुलिस के मुताबि विहान(23) पुत्र मुकेश पटेरिया निवासी कान्यकुब्ज नगर की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ रविवार सुबह ओखलेश्वर मंदिर गया था। वापस आते वक्त बायपास स्थित डीपीएस स्कूल के यहां सडक़ के बीच बने रास्ते से अपनी बाइक दूसरी तरफ लेने की कोशिश की। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में विहान कई फीट दूर जा गिरा। उसका हेलमेट भी टूट गया। सिर और मुंह पर गंभीर चोटे आई। दोस्त उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। लेकिन प्राथमिक उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। विहान ट्रेंडिंग का काम का करता था। टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राउ पुलिस तलाश में जुट गई है।

विहान ने कुछ समय पहले ही ग्रेजुएशन पूरा किया। इसके बाद शेयर ट्रेडिंग के काम से जुड़ गया। दोस्तों ने बताया कि वह कम से कम माह में दो बार राइड पर जाते थे। विहान के परिवार में उसकी एक छोटी बहन है। वह अपने माता पिता का इकलौता बेटा था।

### यहां भी हादसे में मौत

उधर, कलारिया में बाइक की टक्कर से प्लायवुड फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर बाइक भी जब्त की है। पुलिस के मुताबिक सिकंदर(30) पुत्र पुरुषोत्तम निवासी इलाहबाद की कलारिया के पास एक्सीडेंट में मौत हो गई। वह फैक्ट्री में ही रहता था। रात में खाना खाकर टहलने निकला। इस दौरान सडक़ किनारे लघुशंका रुका। तभी बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। सिकंदर मूल रूप से इलाहबाद का रहने वाला है। यहां पिछले छह सालों से रहकर प्लायवुड फैक्ट्री में काम करता है। भाई दीपक भी साथ ही रहता है। दीपक ने बताया कि भाई ने खाना खाने के बाद टहल कर आने का कहकर निकले। तभी वह सडक़ किनारे लघुशंका कर रहे थे। बाइक सवार एक तरफ घुसा और टक्कर मारकर फरार हो गया। सिकंदर के परिवार में दो बच्चे है।

# नाबालिग के अपरहण का शक

**इंदौर**। राजेन्द्र नगर इलाके की एक टाउनशिप से सिक्योरिटी गार्ड का अपरहण हो गया। सूचना के बाद पुलिस गार्ड के परिवार से पूछताछ करने पहुंचे। इसमें मामला नाबालिक के अपहरण से जुडा हुआ सामने आया। अब पुलिस सिक्योरिटी गार्ड की तलाश में धार इलाके में गई है। राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक सुनिल सेन ने बताया कि जैन मंदिर के पास अवासा कॉलोनी के यहां रचित(19)पुत्र अखलेश सेन ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान एक बुलेरो जीप वहां आई ओर रचित को करीब 8 बजे के लगभग उठाकर ले गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास वालो से पूछताछ की तो लोगो ने बताया कि गाड़ी से आए लोगो ने उसे थप्पड़ मारे ओर पूछताछ ओर फिर साथ ले गए। पुलिस को मामले में शंका हुई। जिसमें रचित के परिवार से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि दोस्त धार इलाके से एक लडक़ी को लेकर गायब है। धार में लडक़ी के पिता ने उसकी गुमशुदर्गी दर्ज कराई है। पिता को यह शंका थी कि रचित ने ही उसकी मदद की है। इसके बाद पुलिस की टीम धार के लिये रवाना हो गई। अफसरों के मुताबिक अभी रचित ओर उसे ले जाने वाले लडक़ी के पिता की जानकारी नही लगी है।




# चोरी करने वाले आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर पुलिस ने कियोस्क सेंटर सागौर पर चोरी करने वाले आरोपी को 12 घंटे के भीतर ही पकड़ लिया। टीआई राजेंद्र सोनी ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर दो बाल अपराधियों का पकड़ा। इनसे जब पूछताछ की तो इन्होंने कियोस्क सेंटर पर चोरी करने की वारदात कबूली। इनके पास से चोरी की गई सामग्री भी जब्त कर ली है।

# गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तिलक नगर से एक गांजा तस्कर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 किलो 390 ग्राम गांजा मिला है। इसकी कीमत डेढ़ लाख रुपए है। ये बाइक पर घूमकर गांजा बेचने का काम करता है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि बदमाश का नाम महेश उर्फ आकाश सोनकर निवासी वसुंधरा कॉम्प्लेक्स वंदन नगर है। आरोपी शहर में दो पहिया वाहन पर घूमकर तस्करी करता है।

# ATM आग की जांच कर रही मुंबई की टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एसबीआई बैंक की मेन ब्रांच परिसर में लगी आग की जांच की जा रही है। अधिकारियों की टीम मुंबई से इंदौर पहुंची है। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। बैंक के अधिकारी कुछ कहने से भी अभी बच रहे हैं। इतना जरूर कहा है कि नगदी जमा करने की जानकारी मशीन में पैसा भरने वाली टीम को होती है। इस काम के दौरान केबिन के पर्दे बंद कर दिए जाते हैं। यह गोपनीय मामला होता है। एटीएम के इस बड़े केबिन में तीन मशीनें रुपये निकालने वाली। दो मशीनें पैसा जमा करने वाली और एक मशीन बैंक पासबुक प्रिंट करने वाली थी। ATM मशीनों में कितने रुपए थे अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। घटना शहर के तुकोगंज थाने के सामने शनिवार रात साढ़े 11 बजे की है। गार्ड ने आग को बुझाने की कोशिश की। जब आग पर काबू नहीं पाया तो फायर बिग्रेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर एक महिला वीडियो बना रही थी। एक व्यक्ति वीडियो बनाने से मना किया। महिला भड़क गई। वह उसे खरी-खोटी सुनाने लगी। वीडियो में महिला काफी आगबबूला नजर आ रही है। वह कह रही है कि मैं लोगों की मदद के लिए कब से परेशान हो रही हूं। इतने में एक व्यक्ति सामने आता है और मामले को शांत कराता है। सिक्योरिटी इंजार्च संजय मिश्रा ने बताया कि एक केबिन से धुआं उठा था। देखते देखते आग फैलती गई। तीन एटीएम मशीनें, सात काउंटर सहित अन्य कागजात जलकर खाक हो गए। मशीनों में कितने रूपये थे इसकी जानकारी बैंक प्रबधंन ही दे सकता है। मशीनों में लाखों रूपये होने की आशंका है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक